चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28-2-25 | 02 | 1-6 |

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

### एचएयू में प्रदेश के पहले टिशू कल्चर लैब में हरियाणा की जमीन के अनुकूल तैयार किए जा रहे पौधे, 6.5 करोड़ रुपए में बनी लैब

# न मिट्टी न खाद...गन्ने का एक टुकड़ा, लैब में 6 माह प्रोसेस और 30 हजार पौधे तैयार

धर्मेंद्र झा | हिसार

कोई भी पौधा तैयार करने के लिए सबसे पहले मिट्टी की आवश्यकता होती है, लेकिन एचएयू के टिशू कल्चर लैब में कांच की बोतलों में बिना मिट्टी के पौधे तैयार हो रहे हैं। गन्ने का एक छोटा सा टुकड़ा, छह से नौ माह तक प्रोसेस और 25-30 हजार बीमारी रहित पौधे तैयार। सभी पौधे अनुवांशिक तौर पर एक समान, एक साथ विकसित होंगे और एक साथ उत्पादन देंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में 6.5 करोड़ की लागत से बनी प्रदेश की पहली सरकारी टिशू कल्चर लैब में गन्ने के साथ केला, ब्राह्मी, एलोवेरा, मुलेठी, स्ट्राबेरी आदि के पौधे तैयार करने के लिए साइंटिस्ट काम कर रहे हैं। यहां से हर साल विभिन्न किस्मों के लाखों पौधे तैयार हो सकेंगे। लैब इंचार्ज डॉ. अमित कौशिक ने बताया कि टिशू कल्चर से तैयार पौधे खेती के लिए किसी क्रांति से कम नहीं हैं। इन पौधों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सभी पौधे एक जैसे होते हैं। इनमें कीट व रोग नहीं लगने से किसानों का दवाई छिड़कने का पैसा बचता है। फसल तैयार होने में भी समय कम लगेगा और उत्पादन भी अधिक होगा। इन पौधों को हम हरियाणा की जमीन के अनुसार तैयार कर रहे हैं।

गन्ने की तीन से चार वैरायटी के पौधे हम किसानों को उपलब्ध कराएंगे। अभी प्रदेश में केले की फसल नहीं हो पाती, लेकिन हम जो पौधा तैयार कर रहे हैं वह यहां के वातावरण के अनुरूप है।



हिसार | एचएयू के टिशू कल्चर लैब में तैयार किए जा रहे पौधे।

### समझें... क्या है टिशू कल्चर, कैसे तैयार होते हैं पौधे

टिशू कल्चर एक तकनीक है। जिस फसल का पौधा तैयार करना होता है उसका एक टुकड़ा लेकर केमिकल से वैक्ट्रिया, फंगस को दूर करते हैं। इसके बाद कांच की बोतलों में कृत्रिम मीडिया (जमा हुआ घोल, जो पौधे को पोषक तत्व देते हैं) में रखते हैं। 20 से 25 दिन बाद पत्ता फूटने के बाद पौधों को अलग-अलग करते हैं। यह प्रक्रिया कई माह तक लगातार करते हैं। इसके बाद पौधे को जड़ें बनाने वाली मीडिया में रखते हैं। जड़ आने के बाद लैब के बाहर छोटे-छोटे ट्रे में शिफ्ट करते हैं। जिसे किसान लेकर खेतों में लगाते हैं। लैब में केले के 2.5 हजार तो एलोवेरा के पांच हजार पौधे होंगे तैयार लैब में गन्ने के एक टुकड़े से जहां 30 हजार पौधे तैयार होंगे, वहीं केले के एक टुकड़े से 2.5 हजार, ब्राह्मी के 12 हजार, एलोवेरा के 2.5 हजार पौधे तैयार किए जा सकेंगे।


▪ सेंटर फॉर माइक्रोप्रोपेगेशन एंड डबल हेपलोड लैब का मुख्य उद्देश्य कम समय में बीमारी रहित अधिक से अधिक पौधे तैयार करना है। इस लैब से किसानों को सीधे रूप से फायदा होगा। जहां से तैयार किए गए पौधे हरियाणा ही नहीं उत्तर भारत के किसानों को उपलब्ध करवाए जा सकेंगे।
**- प्रो. बीआर काम्बोज,** कुलपति, एचएयू, हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28-2-25 | 02 | 2-3 |

# स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियों में पुरस्कार देकर सम्मानित किया

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन




हकृवि के एनएसएस कैंप में मुख्य अतिथि स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए।

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान कॉलेज ने गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एनएसएस के तहत सात दिवसीय शिविर लगाया। इसके समापन पर एचएयू के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाजसेवा की भावना विकसित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।

समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, पौधरोपण, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, योग और ध्यान, मानवता, सतत जीवन और नशीली दावों के दुरुपयोग की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इनमें शिविर का नेता के लिए रमन, अनुशासन और समय की पाबंदी के लिए अमित, खाद्य प्रबंधन-प्रमोद व नोबिन, समग्र प्रबंधन के लिए दीपक, समन्वय के लिए कीर्ति, स्वयंसेवक जुड़ाव के लिए अनिता, कार्यक्रम प्रबंधन के लिए निकिता, टीमवर्क और सहयोग के लिए प्रियंका, स्वच्छता और सफाई प्रबंधन के लिए कार्तिक, शिविर के मनोरंजनकर्ता के लिए वीरेंद्र को पुरुस्कृत किया गया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28-2-25 | 03 | 5-6 |

# हकृवि का गंगवा में एन.एस.एस. शिविर संपन्न

हिसार, 27 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एन.एस.एस.) के तहत सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एन.एस.एस. का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधारोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, योग और ध्यान, मानवता, सतत जीवन और नशीली दावों के दुरुपयोग की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए।

छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवको को स्मृति चिन्ह और प्रमाण -पत्र देकर सम्मानित किया गया।



*मुख्य अतिथि स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-2-25 | 05 | 5-8 |

# हकृवि द्वारा गंगवा में एनएसएस शिविर सम्पन्न

हिसार, 27 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे।



स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधारोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, योग और ध्यान, मानवता, सतत जीवन और नशीली दावों के दुरुपयोग की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें शिविर का नेता- रमन, अनुशासन और समय की पाबंदी- अमित, खाद्य प्रबंधन-प्रमोद व नोबिन, समग्र प्रबंधन- दीपक, समन्वय- कीर्ति, स्वयंसेवक जुड़ाव-अनिता, कार्यक्रम प्रबंधक- निकिता, टीमवर्क और सहयोग- प्रियंका, स्वच्छता और सफाई प्रबंधन- कार्तिक, शिविर के मनोरंजनकर्ता- वीरेंद्र और ध्रुव व शिविर के लेंसमन पुरस्कार- अमृतो को दिया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 28-2-25 | 11 | 2-4 |

# युवाओं में सेवा भावना जागता है एनएसएस

■ हकृवि द्वारा गांव गंगवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. पवन कुमार।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा है कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाजसेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गंगवा में आयोजित एनएसएस के शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधरोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया। समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिनमें शिविर का नेता-रमन, अनुशासन और समय की पाबंदी-अमित, खाद्य प्रबंधन-प्रमोद व नोबिन समग्र प्रबंधन- दीपक, समन्वय-कीर्ति, स्वयंसेवक जुड़ाव-अनिता मौजूद रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 27.02.25 | -- | -- |


# एनएसएस का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना : डा. पवन

**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधारोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।




समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, योग और ध्यान, मानवता, सतत जीवन और नशीली दावों के दुरुपयोग की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें शिविर का नेता- रमन, अनुशासन और समय की पाबंदी-अमित, खाद्य प्रबंधन-प्रमोद व नोबिन, समग्र प्रबंधन- दीपक, समन्वय- कीर्ति, स्वयंसेवक जुड़ाव-अनिता, कार्यक्रम प्रबंधक- निकिता, टीमवर्क और सहयोग- प्रियंका, स्वच्छता और सफाई प्रबंधन- कार्तिक, शिविर के मनोरंजनकर्ता- वीरेंद्र और ध्रुव व शिविर के लेंसमन पुरस्कार- अमृतो को दिया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवको को स्मृति चिन्ह और प्रमाण -पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 27.02.25 | -- | -- |

# गंगवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न




मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधारोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि शिविर में जागरूकता रैली, पौधारोपण, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता, योग और ध्यान, मानवता, सतत जीवन और नशीली दावों के दुरुपयोग की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। समर्पण और उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवको को स्मृति चिन्ह और प्रमाण -पत्र देकर सम्मानित किया गया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 28.02.25 | -- | -- |

## हकृवि का गांव गंगवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर आयोजित किया। शिविर के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधारोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

